मेरा कोई ना सहारा बिन तेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे ॥
तेरे बिना मेरा है कौन यहाँ, प्रभु तुम्हे छोड़ में जाऊँ कहाँ,

मैं तो आन पड़ा हूँ दर तेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मेरा कोई न सहारा बिन तेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे ॥

मैंने जनम लिया जग में आया, तेरी कृपा से ये नर तन पाया,
तूने किये उपकार घनेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मेरा कोई न सहारा बिन तेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे ॥

मेरे नैना कब से तरस रहे, सावन भादो है बरस रहे,
अब छाए घनघोर अँधेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मेरा कोई न सहारा बिन तेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे ॥

प्रभु आ जाओ प्रभु आ जाओ, अब और ना मुझको तरसाओ,
काटो जनम मरण के फेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मेरा कोई न सहारा बिन तेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे ॥

जिस दिन से दुनिया में आया, मैंने पल भर चैन नहीं पाया,
सहे कष्ट पे कष्ट घनेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मेरा कोई न सहारा बिन तेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे ॥

मेरा सच्चा मारग छूट गया, मुझे पांच लुटेरों ने लूट लिया,
मैंने यतन किये बहुतेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मेरा कोई न सहारा बिन तेरे, गुरुदेव सांवरिया मेरे ॥

मेरे सारे सहारे छूट गए,तुम भी गुरु मुझसे रूठ गए,
आओ करने दूर अँधेरे,गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मेरा कोई न सहारा बिन तेरे,गुरुदेव सांवरिया मेरे ॥

मेरा कोई ना सहारा बिन तेरे,गुरुदेव सांवरिया मेरे,
गुरुदेव सांवरिया मेरे,गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मेरा कोई न सहारा बिन तेरे,गुरुदेव सांवरिया मेरे ॥